06122025-Cha-11_27DT02A.qxd 05-12-2025 22:34 Page 1

इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल आज से

पंचकूला में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे उद्घाटन

पंचकूला, 5 दिसंबर (हप्र)



पंचकूला में शुक्रवार को उपायुक्त सतपाल शर्मा इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के बारे में जानकारी देते हुए। -हप्र

पंचकूला 6 से 9 दिसंबर तक 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल-2025 की मेजबानी करेगा। सेक्टर-5 स्थित दशहरा ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों छात्र, युवा शोधकर्ता और विज्ञान प्रेमी भाग लेंगे। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

फेस्टिवल का उद्घाटन केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री 7 दिसंबर को आयोजित प्रथम सत्र को संबोधित करेंगे। हरियाणा के राज्यपाल अशीम कुमार घोष 9 दिसंबर को समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

उपायुक्त ने कहा कि यह पंचकूला के लिए गर्व की बात है कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए पंचकूला को चुना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। देशभर से आने वाले छात्रों के रहने-खाने, परिवहन तथा कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने की समुचित व्यवस्था की गई है। आईआईटीएम पुणे के निदेशक डॉ. सूर्यचंद्र राव ने बताया कि फेस्टिवल का यह 11वां संस्करण है। इस वर्ष का थीम 'विज्ञान से समृद्धि- आत्मनिर्भर भारत' रखा गया है। इसके तहत विभिन्न सब-थीमों पर इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे।

विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि लगभग 40 से 50 हजार लोग इस आयोजन के साक्षी बनेंगे। विद्यार्थियों को इसरो एवं डीआरडीओ के वैज्ञानिकों से मिलने और बात करने का अवसर मिलेगा।

साइंस फेस्टिवल के चारों दिन विभिन्न विषयों पर इंटरेक्टिव सत्र होंगे। 6 दिसंबर को 11.30 से 12.30 बजे तक भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला के साथ पॉपुलर टॉक एवं इंटरेक्शन होगा। 7, 8 और 9 दिसंबर को फायर साइड चैट, ब्लू इकोनॉमी, इंटरनेशनल ओलंपियाड मीट, साइंस-टेक्नोलॉजी-डिफेंस-स्पेस एक्सपो, साइंस सफारी, हैकेथॉन, वुमन इन साइंस, न्यूक्लियर एनर्जी पर विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. शिव कुमार शर्मा, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे के निदेशक डॉ. सूर्यचंद्र राव, नगराधीश जागृति, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण रामदास तथा आईआईटीएम के समन्वयक डॉ. अनुप महाजन उपस्थित रहे।

आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं क्राफ्ट मेले : कटारिया

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 5 दिसंबर (हप्र)



पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया कलाकारों को लोक कला साधक और युवा पुरस्कार प्रदान करते हुए। -हप्र

पंजाब के राज्यपाल एवं उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के चेयरमैन गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि क्राफ्ट मेला सांस्कृतिक महोत्सव एक भारत-श्रेष्ठ भारत का जीवंत प्रतीक है। ऐसे मेले देश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को आगे ले जाने में महती भूमिका निभाते हैं। मेले के इस स्वरूप में सभी आयु वर्ग वालों को कुछ न कुछ अवश्य मिलता है।

वे शुक्रवार शाम यहां कलाग्राम में चल रहे उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला और चंडीगढ़ सांस्कृतिक कार्य विभाग के तत्वावधान में चल रहे चंडीगढ़ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेले में जुटे करीब 500 लोक कलाकारों का स्वागत करते हुए कहा कि इनकी लोक कला को देख संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन दायित्व बोध होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को पूर्ण करने का काम स्वदेशी यानी लोकल फॉर वोकल के जरिए ही होगा। इसमें देश के सातों सांस्कृतिक केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गवर्नर ने मेले के सफल आयोजन के लिए की उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान और उनकी टीम व चंडीगढ़ के सांस्कृतिक विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्राफ्ट मेले आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं।

इससे पूर्व, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के निदेशक फुरकान खान ने राज्यपाल कटारिया, प्रमुख सचिव विवेक प्रताप सिंह, चंडीगढ़ प्रशासन के गृह एवं सांस्कृतिक सचिव मनदीप बरार और चंडीगढ़ सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक सौरभ अरोड़ा का पौधा भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने स्वागत संबोधन में सभी अतिथियों और सहयोगियों सहित आर्टिजन व कलाकारों का भी स्वागत किया। अंत में सौरभ अरोड़ा ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

इस अवसर पर राज्यपाल कटारिया ने डॉ. राजेश कुमार व्यास की पुस्तक 'नाट्य शास्त्र- पंचम वेद पर एकाग्र' का विमोचन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल कटारिया ने छह कलाकारों को लोक कला साधक और युवा पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने पंजाब के लोक गायक एवं संगीतकार मेजर सिंह, हिमाचल प्रदेश के सिरमौरी लोक गायक प्रेमचंद बाउनली, कश्मीरी लोक नृत्य धमाली को देश में प्रसिद्धि दिलाने वाले बशीर अहमद शाह और उत्तराखंड के लोक नृत्यों व लोक गायन के प्रचार-प्रसार में प्रस्तुतियों के माध्यम से योगदान देने वाले अल्मोड़ा (उत्तराखंड) के फोक आर्टिस्ट प्रकाश सिंह विष्ट को लोक कला साधक पुरस्कार-2025 पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक कलाकार को 2.5 लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कटारिया ने राजस्थानी लोक नृत्य चरी को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश भर में लोकप्रिय बनाने व युवाओं को लोक नृत्यों का प्रशिक्षण देने वाली किशनगढ़ (राजस्थान) की अंजना कुमावत और रोहतक (हरियाणा) के फोक डांसर नरेश कुमार को युवा पुरस्कार-2025 से नवाजा। इस पुरस्कार के रूप में दोनों कलाकारों को एक-एक लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

मेयर ने वार्ड एक में किया विकास कार्यों का शुभारंभ



पंचकूला के वार्ड एक में विकास कार्यों का शुभारंभ करते मेयर कुलभूषण गोयल। - हप्र

पंचकूला, 5 दिसंबर (हप्र)

नगर निगम पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने शुक्रवार को वार्ड नंबर-1 में करोड़ों रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। महापौर ने लॉन टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं के विस्तार से युवाओं को अभ्यास करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य हर सेक्टर और हर वार्ड में खेलों को बढ़ावा देना है।

महापौर ने वार्ड स्थित श्मशान घाट पर बनाए गए शौचालय परिसर का भी लोकार्पण किया। वार्ड-1 में स्वागत द्वार का भी उद्घाटन किया। गोयल ने बताया कि उनके कार्यकाल में अब तक लगभग 400 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए हैं। वार्ड पार्षद नरेंद्र पाल सिंह लुबाना ने बताया कि पिछले लगभग पांच वर्षों में वार्ड नंबर-1 में करोड़ों रुपये के काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड के लोग विकास कार्यों से संतुष्ट हैं।

राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पहुंचे 120 प्रतिभागी

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 5 दिसंबर (हप्र)

सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में शुक्रवार को पीएम उषा स्कीम (रूसा) के तहत 'नैक आउटकम-बेस्ड एक्रेडिटेशन के तहत ट्रांसफॉर्मेटिव क्वालिटी एश्योरेंस : अवसर और चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

कॉन्फ्रेंस में विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से आए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने नैक के आउटकम-बेस्ड फ्रेमवर्क के तहत गुणवत्ता आश्वासन, मूल्यांकन प्रक्रिया, संस्थागत सुधार और नयी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। कॉन्फ्रेंस में एकेडमिक्स, पॉलिसी मेकर्स, एडमिनिस्ट्रेटर्स और क्वालिटी एश्योरेंस प्रोफेशनल्स सहित 120 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. अनिरुद्ध जोशी ने उच्च शिक्षा में क्वालिटी एश्योरेंस प्रक्रियाओं के निरंतर विकास और संस्थागत उत्कृष्टता के लिए इसकी आवश्यकता पर जोर दिया। उद्घाटन सत्र में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के वाइस-चांसलर प्रो. जगदीप सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में इस बात पर जोर दिया कि उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसे शैक्षणिक पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है, जहां मापनीय लर्निंग आउटकम्स को संस्थागत विकास का मुख्य आधार माना जाए। यूजीसी नयी दिल्ली के जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. जीएस चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित होते नैक फ्रेमवर्क के अनुरूप बने रहने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों में मजबूत डेटा कल्चर को बढ़ावा देना और साक्ष्य-आधारित डॉक्यूमेंटेशन अपनाना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा के धन्यवाद भाषण के साथ खत्म हुआ। कॉन्फ्रेंस को डॉ. मोनिका सचदेवा और असिस्टेंट प्रोफेसर गगनप्रीत वालिया के नेतृत्व में कोऑर्डिनेट किया गया।

ट्रैक्टर पर बजा रहे थे तेज म्यूजिक, 32000 का चालान, वाहन इंपाउंड

कालका (पंचकूला) (हप्र) : पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को कालका मुख्य मॉर्केट में रोड पर म्यूजिक बजाकर और हुड़दंग मचाते हुए ट्रैक्टर चला रहे युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ट्रैक्टर पर सवार युवक तेज आवाज में म्यूजिक बजाते हुए हुडदंगबाजी कर रहे थे। सुरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर युवकों को रोका और उनकी पहचान की। जांच में पता चला कि युवकों के पास न तो वैध वाहन दस्तावेज थे और न ही ड्राइविंग लाइसेंस। पुलिस ने ट्रैक्टर को इंपाउंड कर 32 हजार रुपये का चालान काटा। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि सड़कें किसी की निजी संपत्ति नहीं हैं कि कोई तेज आवाज में म्यूजिक बजाकर, स्टंट करके या हुड़दंग मचाकर आम लोगों को परेशान करे। हमारी टीम हर ऐसे तत्व पर लगातार नजर रखे हुए है और जो भी व्यक्ति नियम तोड़ेगा, उसे तुरंत और सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

''कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा किसान भाइयों के लिए महत्वपूर्ण सूचना''

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं पोषण मिशन National Food Security & Nutrition Mission (NFSNM) Commercial Crops-Sugarcane के तहत कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में Demonstrations on intercropping with sugarcane मद में प्रदर्शन प्लाट लगाने हेतु किसानों को इनपुट खरीदने के लिए अनुदान के रूप में 3200 रुपये प्रति एकड़ (अधिकतम 2 एकड़) की दर से दिए जाएंगे। गन्ने की नोटिफाइड/सिफारिश की गई किस्मों की बिजाई की जाएगी।

उक्त मद में अनुदान लेने के इच्छुक किसान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा की वेबसाइट **www.agriharyana.gov.in** पर अपना आवेदन दिनांक 01.12.2025 से 31.12.2025 तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित कृषि विकास अधिकारी (गन्ना)/सहायक गन्ना विकास अधिकारी के कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकते हैं।

PRDH/1004/11/194/2026/40954/11/4

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. नं.	बोर्ड/निगम/अथारिटी का विवरण	कार्य निविदा सूचना का विवरण	खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय)	राशि/धरोहर राशि (अनु.) रु. में	बोर्ड/निगम अथारिटी की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ई-मेल
1.	डीएचबीवीएन	डीएचबीवीएनएल में कंट्रोलाइज्ड काल सेंटर तथा बिजली सुविधा केंद्र (BSK) में सिंगल विंडो काल सेंटर सेवाओं के संचालन एवं प्रबंधन हेतु एजेंसी/फर्म की नियुक्ति के लिए एनआईटी NIT NO. TER-05/IT/CCC/2025-26	02.12.2025 24.12.2025	ESTIMATED AMOUNT RS. 1871.47 LACS (INCL. GST)	www.dhbvn.org.in	999100449 cto@dhbvn.org.in

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें- www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/13/2026/40/40944/I/11/4

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. नं.	बोर्ड/निगम/अथारिटी का विवरण	कार्य निविदा सूचना का विवरण	खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय)	राशि/धरोहर राशि (अनु.) रु. में	बोर्ड/निगम अथारिटी की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ई-मेल
1	डीएचबीवीएन	एक्सियन ओपी डिवी. डीएचबीवीएन ग्रेटर फरीदाबाद अधीन आउटसोर्स पर 07 अदद जीप बोलेरो लाइट गाड़ियों को किराए पर लेने हेतु सुविख्यात ट्रांसपोर्ट एजेंसियों, व्यक्तिगत ट्रांसपोर्टरों का पैनल तैयार करना।	01.12.2025 22.12.2025	-	www.dhbvn.org.in	01292982244 xenopgreaterfaridabad@dhbvn.org.in

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें - www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/13/2026/40/40927/I/11/4

International Year of Cooperatives 2025 — Cooperatives Build a Better World — Ministry of cooperation Govt. of India

Ph. No. 01746-294619 Email:-ktlsugar@gmail.com

THE KAITHAL CO-OPERATIVE SUGAR MILLS LTD, KAITHAL KAITHAL-136027 (HARYANA)

सूचना

सहकारी चीनी मिल, कैथल के समस्त मौसमी स्थाई/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि मिल का पिराई सत्र 2025-26 दिनांक 11.12.2025 को आरम्भ होने जा रहा है। गन्ना विभाग के मौसमी स्थाई कर्मचारी दिनांक 09.12.2025 को तथा शेष मौसमी स्थाई/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी दिनांक 11.12.2025 को मिल में कार्य ग्रहण करें। अलग से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

PRDH/1039/11/117/2026/40912/C/11/4 **प्रबन्ध निदेशक।**

एचपीजीसीएल

राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट, खेदड़, हिसार

(हरियाणा पावर जनरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड की एक इकाई)

रुचि की अभिव्यक्ति

ज्ञापन संख्या 24/XEN/CMD-II(Pond Ash)/RGTPP/F-22 Dated : 04.12.2025

RGTPP, HPGCL खेदड़, हिसार, पोंड ऐश यूजर एजेंसियों यानी सीमेंट कंपनियों, ब्लॉक बनाने वालों, व्यापारियों वगैरह से पोंड ऐश उठाने के लिए एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट मंगा रहा है। RGTPP, खेदर, हिसार के ऐश डाइक से पोंड ऐश "जैसा है जहां है" के आधार पर और बिना किसी खर्च के उठाने के लिए उपलब्ध है और इसे 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दिया जाएगा। जो लोग इंटरेस्टेड हैं, उनसे रिक्वेस्ट है कि वे अपना जवाब एनेक्सर-I में दिए गए परफार्मा में जमा करें। कुल 85,000 MT की मात्रा 17 लॉट में दी जाएगी, जिनमें से हर एक 5,000 MT का होगा।

खुदाई, लोडिंग और ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े सभी चार्ज इंटरेस्टेड पार्टियों को देने होंगे। इस एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्ट के तहत अलॉट की गई तालाब की राख का समय LOI/अलॉटमेंट लेटर जारी होने की तारीख से एक महीना होगा। कान्ट्रेक्ट का समय RGTPP, HPGCL द्वारा अपनी मर्जी से कभी भी बढ़ाया या शार्ट क्लोज किया जा सकता है।

लिफ्टिंग के दौरान MoEF&CC, CPCB, HSPCB और दूसरी रेगुलेटरी बॉडीज द्वारा समय-समय पर बदले गए एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन से जुड़े सभी नॉर्म्स/रूल्स/रेगुलेशन्स का सही मायने में पालन किया जाएगा और वे लागू होंगे। इसके अलावा, EOI (HPGCL की आफिशियल वेबसाइट **https://hpgcl.org.in** पर उपलब्ध) के टर्म्स एंड कंडीशंस का ईमानदारी से पालन पक्का करने के लिए RGTPP, HPGCL और तालाब की राख उठाने वालों के बीच NJSP पर एक कान्ट्रेक्ट एग्रीमेंट साइन किया जाएगा।

तालाब की राख उठाने से जुड़े किसी भी और सवाल के लिए जो फर्में इंटरेस्टेड हैं, वे आफिस टाइम में नीचे साइन करने वाले से कॉन्टेक्ट कर सकती हैं। EOI डिटेल्स इस तरह हैं :-

क्र. नं.	ईओआई स्कोप	EOI जमा करने की शुरुआती तारीख और समय	EOI जमा करने की अंतिम तिथि और समय	आधिकारिक वेबसाइट	सम्पर्क करने का विवरण
1	RGTPP, खेदड़ हिसार के ऐश डाइक से तालाब की राख उठाना	04.12.2025 और 17:00 बजे	11.12.2025 & 12:00 बजे	**https://hpgcl.org.in**	इंजी. टिंकू गोयल, एक्सईएन/एमडी-II 8222820043

नोट : इस EOI HPGCL के अपने विवेक पर कैंसिल किया जा सकता है।

हस्ता./-
एक्सईएन/सीएमडी-II, आरजीटीपीपी,
कृते मुख्य अभियंता, आरजीटीपीपी,
एचपीजीसीएल, खेदड़, हिसार।

PRDH/1187/11/27/2026/40934/C/11/4

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पीयू बना योग-जूडो चैंपियन



पीयू की विजेता टीमों के खिलाड़ी कोच के साथ। -ट्रिब्यून

चंडीगढ़, 5 दिसंबर (ट्रिब्यून)

पंजाब विश्वविद्यालय ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में योग (पुरुष) और जूडो (महिला) वर्ग की चैंपियनशिप जीतते हुए कुल आठ खेलों में ओवरऑल शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। पीयू के खेल निदेशक डॉ. राकेश मलिक ने बताया कि पीयू ने 141 प्रतिभागी विश्वविद्यालयों में पांचवां स्थान प्राप्त किया और कुल 65 पदक हासिल किए। इनमें 14 स्वर्ण, 33 रजत और 18 कांस्य पदक शामिल हैं। पीयू ने पिछले वर्ष 40 पदक जीते थे। इस वर्ष पीयू ने सभी प्रतिभागी संस्थानों में सर्वाधिक रजत पदक भी जीते। पीयू निशानेबाजी (ओवरऑल), कैनोइंग और कयाकिंग (ओवरऑल) तथा एथलेटिक्स (महिला) में उपविजेता रहा। महिला बास्केटबॉल, महिला टेबल टेनिस, पुरुष बैडमिंटन और पुरुष कबड्डी में पीयू ने ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीयू की कुलपति प्रो. रेनू विग ने पदक विजेताओं, प्रशिक्षकों और खेल अधिकारियों को बधाई दी।

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत 28 आरोपी गिरफ्तार

हथियार तस्कर, चोर, शराब तस्कर शामिल

पंचकूला, 5 दिसंबर (हप्र)

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पंचकूला पुलिस ने चार दिनों में 101 चिन्हित हॉटस्पॉट्स में कोबिंग की। ऑपरेशन के दौरान चोरी, शराब तस्करी, जुआ अधिनियम और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त तत्वों के खिलाफ 12 मामले दर्ज कर 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी आरोपियों में 9 कुख्यात फरार अपराधी भी शामिल हैं। पुलिस ने उनमें से एक आरोपी के पासपोर्ट को रद्द कराने का प्रस्ताव भी संबंधित विभाग को भेज दिया है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, 6 मोटरसाइकिलें, सट्टा समेत 1.18 लाख रुपये, एक टैंकर व 80 पव्वे अवैध शराब बरामद की। पुलिस टीमों ने क्षेत्र के दो गन हाउसों की औचक जांच कर लाइसेंस, सुरक्षा मानकों और रिकॉर्ड की जांच की। अभियान की सबसे मानवीय पहल यह रही कि पुलिस केवल अपराधियों तक ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक भी पहुंची। कड़ाके की सर्दी में ठिठुरते 279 गरीब व बेसहारा लोगों तक पुलिस टीमों ने गर्म कपड़े, कंबल और सर्दी से बचाव का सामान पहुंचाया। पुलिसकर्मियों ने रात के समय सड़क किनारे, खाली प्लॉटों में, लोगों को ढूंढ-ढूंढकर राहत सामग्री दी।

पीयू के हॉस्टल में छात्र ने की सुसाइड की कोशिश!

चंडीगढ़, 5 दिसंबर (ट्रिब्यून)

पंजाब विश्वविद्यालय के एसएस भटनागर यूनिवर्सिटी इंस्टीच्यूट आफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के तीसरे साल के एक छात्र ने बृहस्पतिवार रात हॉस्टल के अपने कमरे में सुसाइड की कोशिश की। उसने अपनी बाजू पर कट मार लिया, लेकिन समय रहते दोस्तों ने उसे बचा लिया। एक पूर्व छात्र नेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर दावा किया कि केमिकल इंजीनियरिंग की एक टीचर की कथित प्रताड़ना से परेशान होकर छात्र ने आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि, छात्र ने सुसाइड अटेम्प्ट से इनकार किया और कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है और महिला प्रोफेसर का नाम बेवजह घसीटा जा रहा है।

डीएसडब्ल्यू प्रो. अमित चौहान ने कहा कि आजकल विभाग में प्लेसमेंट चल रही है। संबंधित छात्र के कुल अंक 59 प्रतिशत बनते हैं, जबकि प्लेमेंट में बैठने के लिये 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। छात्र इसी कन्फ्यूजन में और परेशानी में था कि दोस्तों ने समय रहते उसे बचा लिया।

सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट, दो पर केस दर्ज

मोहाली, 5 दिसंबर (हप्र)

एलएसआर इंफ्राकेन प्राइवेट लिमिटेड की वर्कशॉप में ड्यूटी दे रहे सिक्योरिटी गार्ड गौरव शर्मा ने एक महिला और दो व्यक्तियों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। गौरव शर्मा ने बताया कि वह कंपनी में गार्ड है। बुधवार दोपहर उसके मालिक अमित सिंगला की पत्नी लवलीन, गुरकवर बेदी और नंदन वर्कशॉप पहुंचे।

जब उसने उन्हें फोटो और वीडियो बनाने से रोका तो बेदी और नंदन ने उससे धक्का-मुक्की व मारपीट की। उसका मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया। पुलिस ने बेदी और नंदन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जमीन विवाद में बुजुर्ग को पीटा, दो पर मामला दर्ज

मोहाली (हप्र) : सोहाना थाना क्षेत्र के गांव न्यू लांडरा में जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद ने मंगलवार दोपहर गंभीर रूप ले लिया। 68 वर्षीय गुरमुख सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके साले का बेटा अमनप्रीत सिंह और उनका छोटा बेटा हरजिंदर सिंह ने उन पर डंडों और मुक्कों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। गुरमुख सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह पत्नी बलजीत कौर के साथ जमीन संबंधी मामले पर एसडीएम कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान अमनप्रीत पहुंच गया और बलजीत कौर को कार में बैठाने लगा। उन्होंने विरोध किया तो उससे मारपीट की।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालयः – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोनः – 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः www.pnbhousing.com
करनाल शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एससीओ 218–219, दूसरी मंजिल, सेक्टर 12, पार्ट 1, सिटी सेंटर हुडा, करनाल – 132001

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निर्दर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्यामूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल) / प्रत्यामूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **'जैसी है जहां है', जैसी है जो है'** तथा **'जो भी है वहां है'** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निर्दर्शित कर्जदार(रों) / बंधकदाता(ओं) / संबंधित कर्जदार(रों) / बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई. (के)
HOU/KAR/1222/1058309, बी.ओ.: करनाल, गजराज जादू, श्रीमती कमलेश	08.08.2024 तक रु. 27,91,806.43	भौतिक कब्जा	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा, मकान 85 वर्ग फीट गज, नई संपत्ति आईडी नं. 3BDL88C2, पटेल पार्क, शंकर गार्डन, गली नं.6, रेलवे लाइन के पार, बहादुरगढ़ जिला झज्जर–124507, खेवट नं.1476/ / 1476, खतौनी नं.2160, खसरा नं. 3756/2610 मिनट (0–11), 68/1331 किता का हिस्सा 1 रकबा ताड़ी 0 बीघे 11 बिस्वे, शीर्षक विलेख वसीका नं.8599 दिनांक 15.02.2023 के अनुसार कमलेश पत्नी गजराज जादू के पक्ष में, सीमाएं: पूर्व: गली 10 फीट, चौड़ा (34 फीट 0 इंच), पश्चिम: प्लॉट (34 फीट 0 इंच), उत्तर प्लॉट परमेश्वर (22 फीट 5 इंच), दक्षिण – गली 10 फीट चौड़ा (22 फीट 5 इंच)	रु. 2357000	रु. 235700	23.12.2025	रु. 10,000	10.12.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	24.12.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Known

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सें) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और